फाइल सं. पी-11015/1/2022-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

**नई दिल्ली 20 मई, 2022**

विषय: अप्रैल 2022 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल को सारांश (संख्या - 4)।

अप्रैल 2022 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के मन **की बात बुकलेट का दूसरा संस्करण अर्थात मार्च 2022, संस्करण तैयार किया है**। इस बुकलेट में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा अपने संबोधन में किए गए विशेष उल्लेखों के साथ-साथ मीडिया में आए संबोधन पर विचारों और प्रतिक्रियाओं के बारे में कहानियां और प्रशंसापत्र शामिल हैं। बुकलेट की सॉफ्ट कॉपी पूरे देश में ई-संपर्क के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक लोगों को वितरित की गई है और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माईगॉव, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया है। पुस्तिका का मुद्रित संस्करण संसद सदस्यों, विधान सभाओं/परिषदों के सदस्यों, भारत सरकार के सचिवों और अधिकारियों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और पीआईबी से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को वितरित किया जा रहा है। इस पुस्तिका को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 17.04.2022 को ट्विटर पर भी साझा किया गया है।

2. प्रसारण क्षेत्र में **ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में** एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विभिन्न प्रकार के लाइसेंसों, अनुमतियों, पंजीकरणों आदि के लिए प्रसारकों के आवेदनों की त्वरित फाइलिंग और कार्रवाई के लिए 01.04.2022 को नई दिल्ली में **प्रसारण सेवा पोर्टल का शुभारंभ किया।** यह पोर्टल 900+ सैटेलाइट टीवी चैनलों, 70+ टेलीपोर्ट ऑपरेटरों, 1750+ मल्टी-सर्विस ऑपरेटरों, 350+ सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस), 380+ प्राइवेट एफएम चैनलों और अन्य को संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। पोर्टल पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता, प्रभाव्यता और जवाबदेही लाएगा और इसे जल्द ही सरकार के प्रमुख 'राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली' से जोड़ा जाएगा।

3. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) जश्न मनाने के लिए '*जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना *के तहत* पहलों की श्रृंखला की गई।

3.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में 26.04.2022 को नई दिल्ली में ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के सहयोग से तैयार की गई प्रेरक कहानियों को प्रदर्शित करने वाली लघु वीडियो श्रृंखला **'आजादी की अमृत कहानियां'** का शुभारंभ किया। यह श्रृंखला आज़ादी का अमृत महोत्सव जश्न मनाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय और नेटफ्लिक्स के बीच साझेदारी का प्रतीक है। नेटफ्लिक्स महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण और संधारणीयता और अन्य सहित विभिन्न विषयों पर 25 लघु फिल्मों का निर्माण करेगा, जिन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा और डीडी नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस अवसर पर, देशभर से तीन महिला चेंजमेकर्स को शामिल करते हुए तीन वीडियो का पहला सेट जारी किया गया जिसमें शामिल तीन महिला चेंजमेकर्स सुश्री बसंती देवी, सुश्री अंशु जमसेनपा और सुश्री हर्षिनी कान्हेकर को सम्मानित किया गया। यह भी घोषणा की गई थी कि नेटफ्लिक्स और सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत में पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स, एनीमेशन और संगीत निर्माण के लिए रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए साझेदारी करेंगे।

3.2 **बाबा साहेब अम्बेडकर** की **132 वीं जयंती के अवसर पर**, लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो (बीओसी) ने **0**7 से 20 अप्रैल, 2022 तक **'सामाजिक न्याय पखवाड़ा'** मनाया, जिसके एक भाग के रूप में देश भर में हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाओं में 350+ प्रकाशनों में लोगों के कल्याण के लिए सरकारी पहलों को दर्शाने वाले विभिन्न विषयों पर प्रिंट विज्ञापनों की एक श्रृंखला जारी की गई थी।

3.3 बीओसी देश भर में **व्हाट्सएप ग्रुप्स पर इन्फोग्राफिक श्रृंखला** चला रहा है। माह के दौरान, इस इन्फोग्राफिक श्रृंखला के माध्यम से **41 गुमनाम नायकों को याद** किया गया, जिससे **कुल मिलाकर अब तक 255 गुमनाम नायकों को सामने लाया गया है**। बीओसी के आरओबी/एफओबी ने माह के दौरान इस विषय पर **02 आईसीओपी, 02 वेबिनार** और **1 प्रदर्शनी का आयोजन किया।**

4. **डिजिटल मीडिया और आईटी नियम, 2021**:

4.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने **डिजिटल मीडिया,** युवा आदान-प्रदान और द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 25.04.2022 को नई दिल्ली में प्रधान मंत्री कार्यालय में सिंगापुर सरकार के शिक्षा और विदेश मंत्रालय में द्वितीय मंत्री डॉ मोहम्मद मलिकी बिन उस्मान से मुलाकात की।

4.2 सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 16 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए, मंत्रालय ने **38** यूट्यूब **आधारित समाचार चैनलों, 3 ट्विटर एकाउटंस, 2 फेसबुक एकाउंटस** और समाचार और करंट अफेयर्स से संबंधित **एक वेबसाइट** को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

4.3. **तीन स्व-नियामक निकाय**, जिनके साथ कुल मिलाकर 160 डिजिटल समाचार प्रकाशक जुड़े हुए हैं, को आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत पंजीकृत किया गया।

5. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 21.04.2022 को मुंबई में फिल्म डिवीजन कॉम्प्लेक्स में स्थित **भारतीय राष्ट्रीय सिनेमा संग्रहालय (एनएमआईसी)** का दौरा किया और कहा कि यह मुंबई में देखने योग्य आकर्षक स्थान है। माननीय मंत्री ने एनएमआईसी के परिसर में एक पौधा भी लगाया और फिल्म प्रभाग, एनएमआईसी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

6. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने और साझा करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, ज्ञान को आगे बढ़ाने, प्रगति के लिए साथियों के साथ अवसरों और नेटवर्क की पहचान करने के लिए चेन्नई में आयोजित **सीआईआई - दक्षिण भारत मीडिया और मनोरंजन शिखर सम्मेलन में भाग लिया**, ताकि एम एंड ई स्पेस में प्रासंगिक हितधारकों को एक साथ लाया जा सके। तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री थिरु एम.के. स्टालिन ने 09.04.2022 को शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन 10.04.2022 को समापन सत्र के मुख्य अतिथि थे।

7. **संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर (**जे एंड के**) से संबंधित पहलें**

7.1 श्री **अमरनाथजी यात्रा 2022 के प्रचार के संबंध में श्रीनगर में 11.04.2022** को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय, जम्मू-कश्मीर सरकार और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें यात्रा गतिविधियों के लिए व्यापक प्रचार और अखिल भारतीय कवरेज प्रदान करने और 30.06.2022 से शुरू होने वाली आगामी 43-दिवसीय श्री अमरनाथजी यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की विकासात्मक उपलब्धियों को उजागर करने पर जोर दिया गया। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को यह आश्वासन दिया गया था कि प्रचार गतिविधियों की योजना बनाने और इस वर्ष यात्रा के बारे में चर्चा करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

7.2 12.04.2022 को यह घोषणा की गई है कि भारत सरकार **जम्मू-कश्मीर के दूर-दराज इलाकों के निवासियों को 1.5 लाख निःशुल्क दूरदर्शन फ्रीडिश टीवी की सुविधा प्रदान करेगी** जहां केबल सेवा उपलब्ध नहीं है, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही पूरी हो जाएगी।

## 8. नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान जागरूकता के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई

सूचना और प्रसारण मंत्रालय 'जन आंदोलन' जागरूकता पर बल देते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है

8.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने निम्नलिखित घटनाओं को **व्यापक रूप से कवर किया :**

i. 27.04.2022 को देश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के लिए माननीय प्रधान मंत्री की **मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत,** और

ii. **24.04.2022 को *मन की बात*** में अन्य बातों के साथ-साथ आगामी त्योहारों के मद्देनजर कोविड के उचित व्यवहार का पालन करने के संबंध में माननीय प्रधान मंत्री का संबोधन।

8.2 लोक प्रसारक **प्रसार भारती** ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) के माध्यम से कोविड -19 टीकाकरण अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक अभियान चलाया है। डीडी न्यूज ने **सभी 18 से अधिक आयु के व्यक्तियों को एहतियाती खुराक** पर एक विशेष रिपोर्ट प्रसारित की, स्वदेशी टीके पर विशेष कार्यक्रम- '**सफर स्वदेशी वैक्सीन का'** और **'डॉक्टर्स स्पीक'**, **' आरोग्य भारत'** और **'टोटल हेल्थ'** जैसे कार्यक्रमों में विशेषज्ञों के पैनल के साथ टीकाकरण के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। प्राइम टाइम न्यूज शो **'न्यूज नाइट'** , **'मिड-डे प्राइम'** ने भी लाइव **ग्राउंड रिपोर्ट** के साथ टीकाकरण के प्रयास पर चर्चा की। एनएसडी: आकाशवाणी ने 18.04.2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, 14.04.2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और 11.04.2022 को राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष के **विशेष साक्षात्कार प्रसारित किए।**

8.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **कोविड-19 बुलेटिन जारी किए,** प्रेस **ब्रीफिंग** आयोजित की और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिटों** ने गलत सूचना पर रोक लगाई है। पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने कुल **24** फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया और **42 ट्वीट पोस्ट किए**, जिन्हें लगभग 467.2 हजार इंप्रेशंस मिले।

8.4 बीओसी के क्षेत्रीय/फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से नोवेल कोरोनावायरस, कोविड टीकाकरण का महत्व, 175 करोड़ टीकाकरण आदि विषयों पर **निम्नानुसार जागरूकता अभियान चलाया** :-

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर परिचालित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 24993 (129940) | 7252 | 4527 | 20951 |

9. **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2021**: गेम्स का लोगो, शुभंकर, गान और जर्सी का शुभारंभ और भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा उद्घाटन और उद्घाटन समारोह का डीडी न्यूज द्वारा सीधा प्रसारण किया गया। डीडी न्यूज ने उद्घाटन दिवस पर विशेष कार्यक्रम चलाया और डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर प्रतिदिन आधे घंटे का विशेष बुलेटिन 'खेलो इंडिया' प्रसारित किया जा रहा है। नियमित बुलेटिन समाचार शो में खिलाडियों के साथ विशेष साक्षात्कार और बातचीत के साथ सभी हाइलाइट्स को और संवाददाताओं के साथ के. आई यू जी में भाग लेने वाले ओलंपियनो से खास बातचीत को कवर किया। **मल्लखंभ, योगासन और पोषण** पर विशेष कहानियां भी मुख्य केंद्र का हिस्सा थीं।

10. **योग उत्सव:** अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2022 को 75 दिन, **भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आईएमएफ और विश्व बैंक के साथ विचार-विमर्श, कोरोना में भी गरीबी कम- भारत का दम**, **भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना**, **स्वास्थ्य है प्राथमिकता यूक्रेन-रूस संकट, सुशासन की पहुंच**, **आयुष लोकल से ग्लोबल,** आदि पर डीडी न्यूज और डीडी इंडिया द्वारा **विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया**। एनएसडी:आकाशवाणी ने दिनांक 02.04.2022 को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक **साप्ताहिक संवादात्मक कार्यक्रम "अभ्यास"** शुरू किया।

11. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत **"परीक्षा पे चर्चा", मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में** संबोधन, **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस** का समारोह, **आदिजाति महा सम्मेलन** में भागीदारी, **वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन** का उद्घाटन, जामनगर में **डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) की** आधारशिला रखना, **रायसीना डायलॉग 2022** में भागीदारी, **सिविल सेवा दिवस समारोह**, **लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री पुरस्कार प्रदान करना**, **सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन 2022** और असम में **सात कैंसर अस्पताल** का उद्घाटन**,** **श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें** प्रकाश पर्व समारोह में संबोधन **और नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन** आदि को **लाइव कवरेज** और **व्यापक प्रचार** प्रदान किया। माननीय प्रधान मंत्री की **अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन** के साथ वर्चुअल बैठक, **ब्रिटेन के** आगन्तुक **प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन** के साथ द्विपक्षीय वार्ता और **मॉरीशस के प्रधान मंत्री** प्रविन्द कुमार जगन्नाथ के साथ विचार-विमर्श का भी व्यापक प्रचार किया गया।

**12.** **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** का अप्रैल 2022 पाक्षिक संस्करण जिसमें *"इंडियाज फोरेन पॉलिसि इन प्रोऐक्टिवली प्रिऑरिटाइजिंग एंड प्रोटेक्टिंग द सेफ्टी ऑफ इंडियंस लिविंग अक्रांस द वर्ड"* और *"हाऊ 'सबका प्रयास' भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने में मदद करेगा"* जिसका बीओसी द्वारा देश भर में 13 भाषाओं में मुद्रण और वितरण किया गया। माय गांव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एनआईएस के ई-संस्करण 70.4 मिलियन से अधिक पाठकों को ईमेल के माध्यम से भेजा गया था।

13. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- **प्रसार भारती अभिलेखागार ने प्रधानमंत्री संग्रहालय को जीवंत किया**: प्रसार भारती अभिलेखागार ने 'प्रधानमंत्री संग्रहालय' के निर्माण के लिए लगभग 206 घंटे की ऑडियो और 53 घंटे की वीडियो सामग्री उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिनांक 14.04.2022 को देश के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।

- केंद्रीय बजट 2022-23 में की गई घोषणा के अनुसरण में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में देश में एवीजीसी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 08.04.2022 को एक **एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) प्रमोशन टास्क फोर्स का गठन किया गया है।** एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स का नेतृत्व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव करेंगे और इसमें उद्योग, शिक्षा और राज्य सरकारों का व्यापक प्रतिनिधित्व होगा। टास्क फोर्स 90 दिनों के भीतर अपनी पहली कार्य योजना प्रस्तुत करेगी।

- **सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत सभी विभागों के कामकाज की** समीक्षा के लिए दिनांक 01.04.2022 **को भुवनेश्वर, ओडिशा में** एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई थी। जनता तक पहुंचने के नवीन तरीकों के माध्यम से स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कहा गया और उन्हें सलाह दी गई कि क्षेत्रीय और स्थानीय सामग्री की ओर सभी मीडिया इकाइयों का ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।

- **क्षेत्रीय प्रसार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/ मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) का उपयोग करते हुए वीडियो सामग्री का भाषा अनुकूलन** : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके व्यापक और अधिक प्रभावी पहुंच प्राप्त करने के लिए 5 वीडियो को कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, तेलुगु, बंगाली, मराठी, गुजराती और तमिल 8 भारतीय भाषाओं में अनूदित किया गया, जिन्हें 3 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 23.04.2022 को **निजी टीवी समाचार चैनलों** को झूठे दावे करने और अपमानजनक सुर्खियों का उपयोग करने के खिलाफ परामर्श दिया और केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 की धारा 20 के प्रावधानों का पालन करने की बात कही, जिसमें इसके तहत निर्धारित कार्यक्रम संहिता भी शामिल है। इस

एडवाइजरी में निजी टीवी चैनलों को असंसदीय, भड़काऊ और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा वाली बहसों को प्रसारित करने और निराधार और मनगढ़ंत दावे करने वाले पत्रकारों को चेतावनी दी गई।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस माह के दौरान 01 टीवी चैनल को रद्द/ सरेंडर कर दिया है। **दिनांक 30.04.2022** की स्थिति के अनुसार भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **902** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने इस माह के दौरान **पांच (05) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए** और **तीन (03) जीओपीए का नवीनीकरण किया** है।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **8661 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **6 प्रेस कॉन्फ्रेंस, 1 वेबिनार का आयोजन किया** और जल शक्ति अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव फोटो प्रदर्शनी, आयुष्मान भारत आदि पर **7 लेख** कमीशन किए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** इस माह के दौरान **78 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 25 और धारा 14 के तहत 53) पर कार्रवाई की गई और **1 प्रेस विज्ञप्ति** जारी की गई।

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने इस माह के दौरान विभिन्न विषयों पर **174 से अधिक ग्राफिक्स, वीडियो, चित्र, पोस्ट** आदि **सभी प्लेटफार्म पर साझा करके व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।**

**आजादी का अमृत महोत्सव और अन्य प्रमुख अभियानों** जैसे की **आजादी की अमृत कहानियां**, **परीक्षा पे चर्चा 2022**, **प्रसारण सेवा पोर्टल**, **योग उत्सव** - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती, सिविल सेवा पुरस्कार और सिविल सेवा दिवस, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आदि जैसे अभियानों के लिए इन्फोग्राफिक्स, रीलों, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से विशिष्ट रूप से दर्शाया गया।

कोविड-19 संदेश को रचनात्मक वीडियो/ इन्फोग्राफिक्स (लगभग **250 ट्वीट्स**) के माध्यम से कोविड टीकाकरण अभियान आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB के माध्यम से भी साझा किया गया।**

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775